निबंधन एवं शर्तें

<u>परामर्शदाता (अधिप्रापण)</u>

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में भारत कोविड- 19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना में योगदान देने के लिए परामर्शदाता (अधिप्रापण) की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, परामर्शदाता (अधिप्रापण) परियोजना संबंधी गतिविधियों के लिए **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** के अधीन एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एनपीएमयू) का हिस्सा होंगे।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी),नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदागत आधार पर उपर्युक्त उल्लिखित पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

क. परियोजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य

वुहान हुबई प्रांत, चीन में प्रारंभिक मामलों का पता लगने के बाद, दिसंबर 2019 के बाद से गंभीर श्वसन संबंधी सिंड्रोम कोरोनावायरस 2 (सार्स-कोव-2) वायरस के कारण कोरोना वायरस रोग 2019 (कोविड- 19) का प्रकोप पूरे विश्व में तेजी से फैल रहा है। । भारत में कोविड- 19 के मामलों की तीव्र बढ़ोत्तरी के प्रत्युत्तर में , भारत सरकार (जीओआई) द्वारा भारत कोविड -19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना की शुरुआत की गई है। परियोजना का उद्देश्य कोविड- 19 द्वारा उत्पन्न खतरे को रोकना, इसका पता लगाना और इसका प्रत्युत्तर देना है और भारत में तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाना है।

ख. कार्यक्षेत्र

परामर्शदाता (अधिप्रापण) निम्नलिखित कार्यों के साथ स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा इसकी तीन कार्यान्वयन एजेंसियों- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय रोग नियत्रंण केंद्र (एनसीडीसी) और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ मिलकर कार्य करेगा और सामग्री और सेवा के अधिप्रापण में अन्य समन्वयकर्ता एजेंसियों की सहायता करेगा।

दायित्व:

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियों के अधिप्रापण प्रभाग की सहायता करना और योजना, बोली प्रलेख तैयार करना, बोली मूल्यांकन, अवार्ड अनुशंसा तैयार करने, संविदा प्रारूपण एवं हस्ताक्षर सहित योजना बनाने सहित अधिप्रापण के सभी पहलुओं में सहायता करना, एसटीईपी पोर्टल कार्य करना, मंत्रालय के अधिप्रापण एजेंटों से संपर्क करना, अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और दूतावासों के साथ संपर्क करना, अधिप्रापण एवं नियंत्रण प्रबंधन पर निगरानी रखना और रिपोर्ट देना तथा अधिप्रापण पश्चात् समीक्षाओं (पीपीआर) का संचालन करना।
- विश्व बैंक निधियत परियोजनाओं के अंतर्गत अधिप्रापण के नियोजन और निष्पादन के लिए एक महत्वपूर्ण मंच - सिस्टमैटिक ट्रैकिंग ऑफ एक्सचेंज इन प्रोक्योरमेंट (एसटीईपी) का उपयोग करना।
- कार्यान्वयन एजेंसी के परामर्श से अधिप्रापण योजना तैयार करना और एसटीईपी पर अपलोड करना।
- नियोजित अधिप्रापण का लागत अनुमानन, अधिप्रापण की उपयुक्त पद्धति का पता लगाना, विनियमों के अनुसार बोली प्रलेख तैयार करना, पोर्टल पर बोली प्रलेख अपलोड करना तथा यथा लागू ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल का कार्य करना।
- बोली मूल्यांकन रिपोर्ट (बीईआर) तैयार करना, संविदा प्रारूपण, अधिप्रापण पर निगरानी रखना और रिपोर्ट देना।
- विदेश से अधिप्रापण हेतु अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों से और अन्य देशों से अधिप्रापण हेतु भारतीय मिशन से संपर्क करना, संविदा प्रलेख तैयार करना और संविदा प्रबंधन।
- संविदा प्रबंधन: संविदा देने के पश्चात् प्रबंधन, प्रस्ताव परिवर्तन, भुगतान मामले, निष्पादन सिक्योरिटीज मुद्दे, तथा सौंपे गए संपूर्ण प्रगति कार्यों आदि की निगरानी एवं रिपोर्ट देना।
- सभी अधिप्रापण की तिमाही स्थिति तथा अब तक उनकी निष्पादन स्थिति प्रदान करना।

- अधिप्रापण एजेंट - अधिप्रापण एजेंटों की भर्ती हेतु टीओआर तैयार करना, प्रशिक्षण एवं हैंडहोल्डिंग सहित चयन के बाद अधिप्रापण एजेंटों की ऑनबोर्डिंग।
- स्टॉक निगरानी सहित परियोजना के अंतर्गत सभी कार्यान्वयनकर्ता एजेंसियों के द्वारा किए गए अधिप्रापण के बारे में डाटा संकलित करना।
- विभिन्न क्रेडिटर्स, अधिप्रापण टीम से अन्य संबंधित मामलों पर समन्वय।
- पर्यवेक्षकों द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य करना।

अनिवार्य अर्हता/अपेक्षाएं

- किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक और पीजी डिप्लोमा - अधिप्रापण/आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में हो।
- वरीयत: औषधि और अन्य स्वास्थ्य परिचर्या सामग्रियों के अधिप्रापण और आपूर्ति प्रबंधन में 5 वर्ष से अधिक अनुभव हो।

अधिमान्य अर्हता/ कौशल

- राष्ट्रीय/ राज्य स्तर पर जन स्वास्थ्य कार्यक्रम की मॉनिटरिंग तथा मूल्यांकन (एम एंड ई) अनुमान।
- कोविड आपातकालीन प्रतिक्रिया में संबंधित अनुभव वांछनीय है।
- डब्ल्यूबी, एडीबी आदि जैसी दाता एजेंसियों के साथ कार्य करने का अनुभव अतिरिक्त रूप से लाभकारी होगा। कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान।
- विशिष्ट उम्मीदवारों को औपचारिक शैक्षिक अर्हता, अनुभव और आयु में छूट दी जा सकती है।

रिपोर्टिंग: नोडल अधिकारी कोविड-19, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय परामर्शदाता (अधिप्रापण) का संपूर्ण प्रभारी होगा।

आयु: 40 वर्ष तक और व्यापक रुप से यात्रा करने के लिए तैयार रहना ।

पद संख्या: 02

पारिश्रमिक: अधिकतम 1,00,000 /- रुपए प्रतिमाह

स्थान: दिल्ली।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 18-Dec-2020 तक केवल npmu.covid.03@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।